# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 1066 / m-1 / 26 दिनांक 4/5/26

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 04.05.2026 प्रकाशित ''जगदीपुर में शो पीस बना घरो तक पहुंचा नल का कनेक्शन, शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल परियोजना जगदीपुर, विकास खण्ड– रतनुपरा के सम्बन्ध में **हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 04.05.2026 प्रकाशित ''जगदीपुर में शो पीस बना घरो तक पहुंचा नल का कनेक्शन** शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया है। उक्त पेयजल योजना का कार्य मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा से आख्या प्राप्त की गई। संस्था द्वारा अपने पत्र सं0 LC/JJM/LKO/MAU 2026-27/116, दिनांक 04.05.2026 के माध्यम से आख्या प्रस्तुत की गई है (पत्र संलग्न है)। विकास खण्ड–रतनपुरा के ग्राम पंचायत जगदीपुर में ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाईप लाईन बिठाने का कार्य 17 किमी0 के सापेक्ष 7.5 किमी0 पूर्ण कर लिया गया है। गृह संयोजन का कार्य 40 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। ओएचटी का कार्य जीएल लेवल तक पूर्ण है। बाउण्ड्रीवाल का कार्य डीपीसी तक पूर्ण है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में योजनाओं को पूर्ण कराये जाने हेतु फण्ड रिलीज किया जा रहा है। जल्द ही कार्य आरम्भ करते हुए योजना के शेष कार्यो को पूर्ण करा लिया जायेगा और नियमित रूप से पानी की सप्लाई आरम्भ कर दी जायेगी।

धनावंटन एवं धनाभाव के कारण परियोजना का कार्य शिथिल हुआ था। परियोजना के लिए 31.03.2027 तक कार्य पूर्ण करने हेतु अवधि प्रस्तावित की गई है। धन प्राप्त होने पर समय से योजना को पूर्ण कर लिया जायेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्नक :** **फर्म का पत्र।**

भवदीय
(हस्ताक्षर)
**(रामेश्वर दयाल)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।

(हस्ताक्षर)
**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

lc infra
projects pvt. ltd.

Letter No-LC/JJM/LKO/MAU/2026-27/116

Date-04.05.2026

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मऊ।

विषयः- जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत दिनांक 04-05-2026 को हिन्दुस्तान न्यूज़ द्वारा सोशल उपकरण में प्रेषित की गयी न्यूज़ के संबंध में।

महोदय,
उपरोक्त विषय में अवगत कराना है कि विकास खण्ड रतनपुरा के ग्राम पंचायत जगदीपुर में ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है, पाइपलाइन बिछाने का कार्य 14कि.मी के सापेक्ष 7.5 कि.मी पूर्ण कर लिया गया है एवं गृह संयोजन का कार्य 40 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, ओ0एच0टी जी.एल तक पूर्ण हो चुकी है एवं बाउड्रीवॉल का कार्य डी.पी.सी तक पूर्ण है, वर्तमान में विभाग द्वारा योजनाओं को पूरा करने के दृष्टिगत प्राथमिकतावार फण्ड रिलिज किया जा रहा है, अतः जल्दी ही कार्य आरम्भ करते हुए योजना के सभी कार्यों को पूर्ण करा लिया जाएगा और नियमित रूप से पानी की सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED

मेसर्स एल.सी. इन्फ्रा
मऊ

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ सादर प्रेषित है-
1. अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

Scanned with OKEN Scanner